भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)

6A, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग**,** नई दिल्ली

27 मार्च 2019

<u>भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह दारा जारी प्रेस विज्ञप्ति</u>

A-SAT एंटी-सैटेलाइट मिसाइल के सफल परीक्षण के साथ ही भारत ने अमेरिका, रूस और चीन के साथ एलीट अंतरिक्ष शक्तियों के बीच अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज की है। यह राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से भारत की एक विशाल छलांग है। यह सभी भारतीयों के लिए गर्व का क्षण है

****

मैं “मिशन शक्ति” से जुड़े सभी वैज्ञानिकों को हार्दिक बधाई देता हूँ और इस परीक्षण को सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने अपने निर्णायक नेतृत्व से हरेक मोर्चे पर देश को सुरक्षित करने का अहर्निश प्रयास किया है

****

एक निर्णायक नेतृत्व ही एक मजबूत राष्ट्र की नींव डालता है और प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले पांच वर्षों में इसे अक्षरशः चरितार्थ कर दिखाया है

****

‘वंशवाद के उत्तराधिकारी’ को सब कुछ ड्रामा ही लगता है क्योंकि वह पूरे देश को रंगमंच समझते हैं। उनके लिए- सैनिकों का बलिदान ड्रामा है, वैज्ञानिकों की कामयाबी भी ड्रामा है। नेता होने का स्वांग रचते हुए ’इस वंश’ ने देश को सिर्फ लूटा है, कमजोर किया है और बर्बाद किया है

****

ऐंटी-सैटलाइट मिसाइल का अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया लेकिन ऐसा लगता है कि उससे धरती पर भी कुछ लोग व्यथित हुए हैं

****

जिंदगी भर हमारे सैनिकों का अपमान करने वाली कांग्रेस एवं उसकी सहयोगी पार्टियों के नेता अब हमारे वैज्ञानिकों का उपहास उड़ाना शुरू कर चुके हैं। ये काफी शर्मनाक है!

****

सच्चाई यह है कि हमारे कुशल वैज्ञानिकों के पास हमेशा से प्रतिभा और क्षमता थी। जरूरत तो इस बात की थी कि सरकार आगे बढ़े और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय दे लेकिन दुर्भाग्य से कांग्रेस-नीत यूपीए सरकार के पास यह साहस ही नहीं था कि वह अपने संस्थानों और लोगों का साथ दे सके

****

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी नीत राजग सरकार ने यह करने की इच्छाशक्ति दिखाई और इसका परिणाम आज देश की जनता के सामने है

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज अंतरिक्ष के क्षेत्र में 'मिशन शक्ति' के तहत स्वदेशी एंटी सैटेलाइट मिसाइल 'ए-सैट' से तीन मिनट में एक लाइव सैटेलाईट को नष्ट करने की सफलता के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं इस मिशन से जुड़े वैज्ञानिक एवं वैज्ञानिक संस्थाओं को हार्दिक बधाई दी। साथ ही, भारत की इस उपलब्धि पर झूठ के मशीन बन चुके राहुल गाँधी द्वारा प्रधानमंत्री के खिलाफ अपमानजनक बयान के लिए करारा प्रहार किया।

श्री शाह ने एक के बाद एक कई ट्वीट करते हुए कहा कि **'वंशवाद के उत्तराधिकारी' को सब कुछ ड्रामा ही लगता है क्योंकि वह पूरे देश को रंगमंच समझते हैं। उनके लिए- सैनिकों का बलिदान ड्रामा है, वैज्ञानिकों की कामयाबी भी ड्रामा है। नेता होने का स्वांग रचते हुए 'इस वंश' ने देश को सिर्फ लूटा है, कमजोर किया है और बर्बाद किया है।**

राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि **ऐंटी-सैटलाइट मिसाइल का अंतरिक्ष में सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया लेकिन ऐसा लगता है कि उससे धरती पर भी कुछ लोग व्यथित हुए हैं।** उन्होंने कहा कि **जिंदगी भर हमारे सैनिकों का अपमान करने वाली कांग्रेस एवं उसकी सहयोगी पार्टियों के नेता अब हमारे वैज्ञानिकों का उपहास उड़ाना शुरू कर चुके हैं। यह काफी शर्मनाक है।**

श्री शाह ने कहा कि **सच्चाई यह है कि हमारे कुशल वैज्ञानिकों के पास हमेशा से प्रतिभा और क्षमता थी। जरूरत तो इस बात की थी कि सरकार आगे बढ़े और दृढ़ इच्छाशक्ति का परिचय दे लेकिन दुर्भाग्य से कांग्रेस-नीत यूपीए सरकार के पास यह साहस ही नहीं था कि वह अपने संस्थानों और लोगों का साथ दे सके।** उन्होंने कहा कि **प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी नीत राजग सरकार ने यह करने की इच्छाशक्ति दिखाई है जिसका परिणाम आज देश की जनता के सामने है।**

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि **एक निर्णायक नेतृत्व ही एक मजबूत राष्ट्र की नींव डालता है। 'मिशन शक्ति' की सफलता के साथ ही भारत ने अमेरिका, रूस और चीन के साथ एलीट अंतरिक्ष शक्तियों के बीच अपनी गरिमामय उपस्थिति दर्ज की है।** उन्होंने कहा कि **A-SAT एक एंटी-सैटेलाइट मिसाइल है, जिसने लोअर अर्थ ऑर्बिट (LEO) में एक लाइव उपग्रह को सफलतापूर्वक नष्ट किया, यह राष्ट्रीय सुरक्षा की दृष्टि से भारत की एक विशाल छलांग है।** उन्होंने कहा कि **यह सभी भारतीयों के लिए गर्व का क्षण है। मैं "मिशन शक्ति" से जुड़े सभी वैज्ञानिकों को हार्दिक बधाई देता हूँ और इस परीक्षण को सुनिश्चित करने के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को धन्यवाद देता हूं कि उन्होंने अपने निर्णायक नेतृत्व से हरेक मोर्चे पर देश को सुरक्षित करने का अहर्निश प्रयास किया है।**

ज्ञात हो कि भारत ने आज अंतरिक्ष में महाशक्ति का दर्जा हासिल करते हुए पृथ्वी की निचली कक्षा में 300 किलोमीटर दूर एक लाइव सैटलाइट को स्वदेशी एंटी सेटेलाईट '**A-SAT**' मिसाइल से नष्ट कर दिया। 'मिशन शक्ति' की कामयाबी के बाद भारत दुनिया के उन चुनिंदा चार देशों के प्रतिष्ठित क्लब में शामिल हो गया है, जिनके पास अंतरिक्ष में सैटलाइट को मार गिराने की क्षमता है। भारत के पास यह क्षमता पहले से ही थी लेकिन राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी की वजह से इसका परीक्षण नहीं किया गया।

https://twitter.com/AmitShah/status/1110811551609417729
Decisive leadership leads to a stronger Nation. With **#MissionShakti**, India has registered its presence among the elite space powers.

A-SAT, an anti-satellite weapon, which successfully targeted a live satellite on a low earth orbit, is a giant leap in India's national security.

https://twitter.com/AmitShah/status/1110811674703859712
It is a proud moment for all Indians.

I congratulate all the scientists involved with **#MissionShakti** and thank Prime Minister Shri **@narendramodi** for ensuring that India continues to safeguard the interest of its people and secures them on all fronts.

https://twitter.com/AmitShah/status/1110854620694413318
Thus speaks the inheritor of the dynasty that thinks - All the nation's a stage!

For them:
Sacrifices of soldiers - drama
Success of scientists - drama

Masquerading as leaders, all that 'The Dynasty' has done is to plunder, weaken and ruin the nation.

https://twitter.com/AmitShah/status/1110854795357769728
The Anti-Satellite (ASAT) Missile was successfully tested in space but it seems a few people on Earth have also got hurt. After spending a lifetime of humiliating our soldiers, Leaders of the Opposition have expanded their influence to ridiculing our scientists.

Well done!

https://twitter.com/AmitShah/status/1110854886474874880
The truth is, our proficient scientists always had the talent and capability, all that was needed was the go ahead from the government.

UPA did not have the courage to back its institutions and people, NDA under PM Modi has shown the conviction to do so.

(महेंद्र पांडेय)

कार्यालय सचिव